





पूर्व सैनिक की पत्नी हत्याकांड

# एक साल बाद भी खुलासा नहीं, सैनिक संगठनों में आक्रोश

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 12 अप्रैल।** जिले के अटेर विधानसभा अंतर्गत ग्राम कल्याणपुरा में भूतपूर्व सैनिक हरिदास दैपुरिया की पत्नी की निर्मम हत्या के मामले में एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाने से सैनिक संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हत्या के दौरान बदमाश घर से जेवर एवं नकदी भी लूटकर फरार हो गए थे।

**मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, जल्द गिरफ्तारी की मांग:** इंडियन वेटर्न ऑर्गनाइजेशन सैनिक संगठन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेटर्न जोगिंदर सिंह सेंगर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष बाद भी मामले का खुलासा न होना गंभीर चिंता का विषय है।

**15 अप्रैल को होगा विशाल धरना-प्रदर्शन:** संगठन के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर शिव बहादुर सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए

**15 अप्रैल को एसपी कार्यालय पर होगा बड़ा प्रदर्शन, मुख्यमंत्री से न्याय की मांग**

बताया कि 15 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय भिंड पर बड़ा धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगिंदर सिंह सेंगर स्वयं शामिल होंगे, साथ ही संभाग भर के विभिन्न सैनिक संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।




**बड़े हनुमान मंदिर से निकलेगा मार्च:** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदर्शनकारी सुबह 10:30 बजे अटेर रोड स्थित बड़े हनुमान मंदिर से मार्च प्रारंभ करेंगे, जो सदर बाजार एवं बजरिया होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचेगा। वहां एसपी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की जाएगी।

**न्याय मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई:** सूबेदार मेजर शिव बहादुर सिंह भदौरिया ने कहा कि यह लड़ाई पीड़ित पूर्व सैनिक परिवार को न्याय दिलाने तक जारी रहेगी। उन्होंने जिले के सभी पूर्व सैनिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एकजुटता दिखाने की अपील की है। इस प्रदर्शन में संभागीय अध्यक्ष सूबेदार मेजर सुरेश सिंह तोमर, वरिष्ठ भाजपा पार्षद एवं पूर्व सैनिक बलबीर सिंह तोमर, अर्धसैनिक कल्याण संघ जिला अध्यक्ष गंगासिंह राजावत, जांबाज सैनिक संगठन अध्यक्ष चंद्रबीर सिंह चौहान, पूर्व सैनिक कल्याण अध्यक्ष राम अवतार सिंह परमार, सहित अनेक पूर्व सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके अलावा कैप्टन अर्जुन सिंह यादव, कैप्टन कालीचरण शर्मा, कैप्टन राधेश्याम दंडोतिया, महेश करारिया, बसंत सिंह राजावत, मुरारी सिंह तोमर, राजीव दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भी प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# आरटीआई एक्ट को लेकर प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शुरू होगा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 12 अप्रैल।** आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिले के विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों हेतु सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15-16, 17-21 और 22 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से ई-दक्ष केन्द्र में ई.गवर्नेंस माध्यम से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहभागिता करेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से खुशाल कुमार, अशोक कुमार अहिरवार, इलेश सस्तिया, अनिल कुमार उइके, लोकेन्द्र सिंह भदौरिया, जितेन्द्र सिंह राजावत, सुश्री हुमा अंजुम, लोकेन्द्र सिंह चौहान, तरूण गुर्जर, दर्शन डंडोतिया, दिनेश कुमार सिंह यादव, अमर सिंह यादव, श्रीमती भगवती शर्मा, गौरव दुबे, प्रीति राणा, सपना यादव, श्रीमती रश्मि धाकड़, उनि राममंत्र गुप्ता, अतुल शर्मा, विजय कुमार गर्ग, हरीश कुमार तिवारी, एलएस डोडिया, दिलीप गांगिल औरराकेश कुमार शर्मा सम्मिलित रहेंगे।

# विधायक ने पीड़ित किसानों को दिया मदद का भरोसा

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 12 अप्रैल।** ग्राम पंचायत टुड़ीला में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से लगी आग में किसानों की पकी हुई करीब 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही रविवार को गोहद विधायक केशव देसाई पीड़ित किसानों के बीच टुड़ीला पहुंचे। विधायक ने जले हुए खेतों का मौका मुआयना किया और किसानों से चर्चा कर उनकी परेशानी जानी। किसानों ने बताया कि कटाई के लिए तैयार खड़ी



फसल आग से स्वाह हो गई। विधायक देसाई ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरानकुलदीप सिंह गुर्जर, केदार सिंह कौशल, सोबरन सिंह राणा, सोहवत खान, जिन्ने खान, कुंदन सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# जनगणना प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण, प्रभावी प्रशिक्षण पर दिया जोर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 12 अप्रैल।** जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय द्वारा किया गया। उन्होंने गोहद एवं अमायन में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण सत्रों का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनगणना कार्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों को



संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्रत्येक प्रगणक और पर्यवेक्षक की भूमिका अत्यंत अहम होती है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ प्रगणकों को बेहतर, सटीक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य करते समय किसी प्रकार की परेशानी न आए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना कार्य के दौरान संभावित समस्याओं के समाधान हेतु प्रगणकों का उचित मार्गदर्शन किया जाए, जिससे कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण हो सके।

अपर कलेक्टर ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों की शंकाओं का तत्काल समाधान करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से ही जमीनी स्तर पर कार्य अधिक सरल, तेज और प्रभावी बनता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बिंदु को स्पष्ट रूप से समझाया जाए, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा, महाकुंडी यज्ञ, दिव्य दरबार और मंदिर निर्माण की होगी शुरुआत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 12 अप्रैल।** जिले के मेहगांव क्षेत्र में इस वर्ष भूमिया सरकार का 20वां वार्षिक उत्सव अत्यंत भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में श्रीमद् भागवत कथा, नौवीं महाकुंडी यज्ञ, ज्ञान यज्ञ सप्ताह, शोभा कलश यात्रा सहित अनेक पावन कार्यक्रमों की श्रृंखला संपन्न होगी। कार्यक्रमों की शुरुआत 30 अप्रैल 2026 से होगी, जबकि 1 मई से हवन-पूजन प्रारंभ होगा। आयोजन का समापन 8 मई 2026 को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा।

**महादिव्य दरबार और भूमि पूजन रहेगा आकर्षण का केंद्र:** इस दौरान 4 मई से 6 मई तक महादिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वहीं 7 मई गुरुवार को नवीन मंदिर का भूमि पूजन भी किया जाएगा, जो इस आयोजन



का विशेष आकर्षण रहेगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6:30 बजे तक तथा दरबार का समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

**प्रख्यात संतों के सानिन्ध्य में होगा आयोजन:** इस पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का वाचन परम पूज्य संत चिन्मयानंद बापू महाराज द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में पारिक्षित के रूप में श्री श्री 1008 भगवती दास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन के निवेदक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर हरिओम दास महाराज पीठासुर हैं, जिनके सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में यह समस्त आयोजन संपन्न होगा।

**20 बीघा भूमि पर बनेगा भव्य एवं दिव्य मंदिर:** प्रेस वार्ता के दौरान महामंडलेश्वर हरिओम दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि मेहगांव में लगभग 20 बीघा भूमि पर एक भव्य मंदिर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह मंदिर आधुनिक एवं पारंपरिक शिल्पकला का अद्भुत संगम होगा, जिसका निर्माण डबरा स्थित नवग्रह मंदिर की तर्ज पर अनुभवी कारीगरों द्वारा किया जाएगा। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की लगभग 70 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही कृत्रिम पर्वत के माध्यम से गोवर्धन पर्वत का दिव्य दृश्य तैयार किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। परिसर में हनुमान जी एवं भूमिया सरकार मंदिर सहित विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियों की स्थापना भी की जाएगी।

**श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं:** आयोजन स्थल मेन रोड से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर पिपरी-पिपरौली गेट से आगे कोल्हार के पास स्थित है। यहां श्रद्धालुओं के लिए भोजन, ठहरने एवं अन्य सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था प्रशासन एवं जनसहयोग से सुनिश्चित की जा रही है। आयोजकों ने भिंड जिले सहित आसपास के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन अवसर का लाभ उठाएं और बाहर से आने वाले अतिथियों की सेवा-सत्कार में सहयोग करें। यह भव्य धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बनेगा, बल्कि समाज में एकता, श्रद्धा और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।

# भगवान परशुराम के जन्म उत्सव एवं चल समारोह को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 12 अप्रैल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव चल समारोह ढोल नगाड़ा और गाजे बाजे के साथ निकाला जाएगा 29 तारीख को जिसको लेकर श्री लक्ष्मी नारायण बड़े हनुमान मंदिर परिसर में परशुराम जयंती एवं चल समारोह उत्सव को लेकर बैठक हुई जिसमें पंडित आचार्य मानसिंह जी ने जानकारी में बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव (19 या 20 अप्रैल 2026, अक्षय तृतीया) विचार गोष्ठी एवं पूजन कर लिया जाएगा सभी के विचार विमर्श होने के बाद चल समारोह 29 अप्रैल 2026 को मालनपुर बड़े हनुमान मंदिर से लेकर विभिन्न मार्गो से गुजर कर पुनः हनुमान मंदिर पर ही पहुंच कर संपन्न होगा इसको लेकर सभी ब्राह्मण समाज के गणमन नागरिकों से बैठक में



चर्चा हुई सभी की सहमति से यह निर्णय लिया गया शोभायात्रा और पूजा-अर्चना की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। विभिन्न स्थानों पर ब्राह्मण समाज की बैठकों में शोभायात्रा के मार्ग, झांकियों, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है। यह आयोजन प्रमुख रूप से समाज में एकता, ब्राह्मण प्रतिभाओं के सम्मान और धर्म रक्षक भगवान परशुराम के आदर्शों के प्रसार के लिए आयोजित किया जा रहा है

इस बैठक में उपस्थित रहे शिवराम दास महाराज राघवेंद्र शर्मा, बच्चू लाल शर्मा, सुरेंद्र कांकर अशोक शर्मा, ठेकेदार नरेश पटसारिया, रिंकू पाराशर, गिर्राज वैशान्दर, कमल किशोर शर्मा, एवं दो दर्जन से ज्यादा सभी भक्तगण मौजूद रहे

# कलेक्टर ने दो अधिकारियों को किया निलंबित, तीन को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 12 अप्रैल।** भिंड में प्रशासनिक सख्ती का बड़ा उदाहरण सामने आया है, जहां कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने अपने पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत अटेर एम.पी.



चौधरी एवं पंचायत समन्वय अधिकारी जनपद पंचायत लहार उमाशंकर शर्मा बिना अनुमति अनुपस्थित पाए गए। साथ ही यह भी सामने आया कि दोनों अधिकारी अपने मुख्यालय से भी लगातार अनुपस्थित रहते हैं। कलेक्टर ने इस गंभीर लापरवाही को अनुशासनहीनता मानते हुए दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके अलावा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति और पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग न करने पर तीन अन्य सेक्टर प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और समय-सीमा में योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। यह कार्रवाई प्रशासन द्वारा कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सख्त संदेश मानी जा रही है।

# उपायुक्त ने भिंड में ली समीक्षा बैठक, ठेकेदारों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 12 अप्रैल।** ग्वालियर संभाग के आबकारी उपायुक्त द्वारा रविवार को जिला आबकारी कार्यालय भिंड में बैठक आयोजित कर जिले में निष्पादन से शेष रही मदिरा दुकानों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में समस्त आबकारी स्टाफ एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे, जहां शेष दुकानों के शीघ्र निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

**निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर:** आबकारी उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन मदिरा दुकानों का अभी तक



निष्पादन नहीं हो सका है, उनकी प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में सभी दुकानों का निष्पादन सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

**ठेकेदारों से समन्वय बढ़ाने के निर्देश:** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ठेकेदारों के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए शेष दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर किया जाए, ताकि कार्य में अनावश्यक विलंब न हो।

**पारदर्शिता और नियमों का पालन अनिवार्य :** उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि निष्पादन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए और सभी कार्य शासन के निर्धारित नियमों के अनुरूप ही किए जाएं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि शेष मदिरा दुकानों का निष्पादन शीघ्र पूरा कर राजस्व लक्ष्य को समय पर हासिल करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# मंजरी शर्मा संसद में करेंगी म .प्र .का प्रतिनिधित्व

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी 12 अप्रैल।** जिले के लिए यह बड़े गौरव का विषय है कि विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के राष्ट्रीय स्तरीय समारोह जो की 14 अप्रैल 2026 को संसद भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है उसमें मंजरी शर्मा शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया महाविद्यालय शिवपुरी की छात्रा मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उक्त जानकारी देते हुए यूथ पार्लियामेंट के शिवपुरी जिले के नोडल अधिकारी डॉ एस एस खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष की शिवपुरी जिले से चयनित छात्रा मंजरी शर्मा को केंद्रीय स्तर से यह मौका दिया गया है कि वह संसद भवन में शिवपुरी जिले के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करें।

जैसा कि विदित है कि प्रतिवर्ष युवा संसद का आयोजन विद्यार्थियों की क्षमता को और उनके चतुर्रेय को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है और इसमें बड़े गौरव का विषय है कि मंजरी शर्मा को संसद भवन में अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। श्री खंडेलवाल ने बताया कि मंजरी ने सर्वप्रथम शिवपुरी जिले में जिला स्तरीय आयोजन में आपातकाल के 50 वर्ष सबके लिए सबक विषय पर अपना वक्तव्य दिया और इसमें उच्च स्थान प्राप्त किया, उसके पश्चात में राज्य स्तर पर विधानसभा भवन भोपाल में बजट विषय पर अपना व्यक्तित्व देने का मौका मिला, वहां से चयनित होकर अब दिल्ली में अपना उद्बोधन देंगी, प्रत्येक स्तर पर पांच विद्वानों की चयन मंडल द्वारा विभिन्न स्तरों पर इनका परीक्षण करके चयनित किया गया। इस अवसर पर शिवपुरी जिले के गणमान्य नागरिकों द्वारा उन्हें बधाई प्रदर्शित की गई।

# तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, 3 दिन में मांगा जवाब

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 12 अप्रैल।** जिले में प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वीर सिंह चौहान ने तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस प्राप्त करने वालों में एडीईओ जनपद पंचायत गोहद जितेन्द्र गुर्जर, उपयंत्री जनपद पंचायत गोहद अरुण चकोटिया एवं उपयंत्री जनपद पंचायत लहार उमेश तिवारी शामिल हैं।

जारी नोटिस में बताया गया है




कि 11 अप्रैल 2026 को कलेक्टर भिण्ड द्वारा आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान इन अधिकारियों की कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही पाई गई। समीक्षा में यह सामने आया कि एडीईओ जितेन्द्र गुर्जर अपने कार्यक्षेत्र की पंचायतों में कम उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। वहीं उपयंत्री अरुण चकोटिया बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिसके कारण उनके सेक्टर के कार्यों की समीक्षा नहीं हो सकी। इसी प्रकार उपयंत्री उमेश तिवारी के कार्यक्षेत्र में सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं किया गया। 108 दिनों से अधिक समय बीतने के बाद भी शिकायतें लंबित हैं, जो प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत गंभीर एवं आपत्तिजनक मानी गई हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियमों का उल्लंघन है और लोक सेवक के कर्तव्यों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

तीनों अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 3 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण एवं प्रगति विवरण प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।